देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 11 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा पटेल नगर, इन्दौर स्थित बेलेश्वर मंदिर में हुई दुर्घटना में जीवन खोने वाले व्यक्तियों के प्रति 02 मिनिट मौन रख कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में अशासकीय महाविद्यालय में संचालित परंपरागत पाठ्यक्रमों की फीस निर्धारण करने के प्रस्ताव के संबंध में, कार्यपरिषद् ने निर्णय लिया कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों से संबद्ध अशासकीय महाविद्यालयों की फीस में एकरूपता लाने के संबंध में शासन से मार्गदर्शन प्राप्त कर, इस संबंध में निर्णय लिया जायेगा।

विश्वविद्यालय के मुद्रणालय विभाग में गोपनीय एवं अन्य कार्यो हेतु राज्यशासन के उपक्रम तमिलनाडू न्यूज प्रिंट एण्ड पेपर लिमिटेड, से 50 मैट्रीक टन कागज क्रय करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

विश्वविद्यालय के स्थानों की साफ–सफाई के संबंध में वर्तमान में कार्य कर रही एजेंसी के कार्यो की समीक्षा ले कर तीन–तीन महीनों हेतु फीडबैक के आधार पर नवीनीकरण के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्यता प्रदान की।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी